तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 11 नवंबर 2025

12 रैली पर बवाल, पुलिस की सुरक्षा तगड़ी...



12 अलाव में गिरने से कांग्रेस नेता की मौत...





## खबर संक्षेप



### दस मिनट देरी होने पर नहीं दे पाए परीक्षा

**कांकेर।** ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के पदों पर भर्ती के लिए 9 नवंबर को भानुप्रतापदेव शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कांकेर मैं परीक्षा केंद्र बनाया गया था। अभ्यर्थियों को परिक्षा केंद्र में दो घंटा पहले उपस्थिति देने के लिए सुनिश्चित किया गया था ताकि प्रवेश पत्र, पहचान पत्र व सीजी व्यापम से मिली निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जा सके। कई अभ्यार्थी निधारित समय सीमा के 10 मिनट बाद परीक्षा केंद्र पहुंचे, जिन्हे बगैर परीक्षा दिलाए घर वापिस लौटना पड़ा। यह घटना उन सभी अभ्यर्थियों के लिए एक चेतावनी है, जो महत्वपूर्ण परीक्षाओं में शामिल होते हैं।

### कई ग्रामों में दो माह से पेयजल संकट



**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत तराईघोटिया के आश्रित ग्राम रसोली, नागहूर और नेडगांव तथा समीपस्थ ग्राम पंचायत कलंगपुरी में बीते दो महीनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण गंभीर समस्या का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या की जानकारी स्थानीय स्तर पर कई बार दी गई, लेकिन सुधार कार्य समय पर नहीं हो पाया। कांग्रेस की टीम ने प्रभावित गाँवों में जाकर ग्रामीणों से चर्चा की और पेयजल संकट की स्थिति की पुष्टि की। संबंधित विभागों ने आश्वासन दिया कि मशीनरी सुधार एवं जलापूर्ति लाइन की मरम्मत का कार्य 1 से 2 दिनों में पूरा कर दिया जाएगा।

### सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक भ्रमण के लिए हुए रवाना



**दुर्गुकोंदल।** आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत जिला के अति दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से चयनित 20 युवक एवं युवतियों का सातवां जत्था आज हैदराबाद (तेलंगाना) के लिए रवाना हुआ। प्रतिभागी युवा हैदराबाद में अन्य राज्यों से आए आदिवासी युवाओं के साथ रहकर खान-पान, रहन-सहन, परंपरा, लोक कला एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से जानेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोक नृत्य, पारंपरिक संस्कृति प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक संवाद सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

### जनजातीय गौरव दिवस 15 को मनाया जाएगा

**कांकेर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव कांकेर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प एवं विकास प्रदर्शनी तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी शासकीय संस्थानों, आश्रम-छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों में भी जनजातीय गौरव दिवस मनाने के निर्देश दिए हैं।

---

### वारदात : मातला (ब) में बैगा की हत्या अंधविश्वास या रंजिश, पुलिस जाँच तेज

# नक्सल मुक्त इलाके में अचानक वारदात से दहशत, बैगा को बंदूक से मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पुलिस अंधविश्वास और निजी रंजिश दोनों एंगल पर कर रही पड़ताल

कांकेर जिले के मातला (ब) गांव में शनिवार रात को एक हृदय विदारक घटना घटी, जहां गांव के परंपरागत बैगा धरमूराम सलाम की अज्ञात हमलावर ने भरमार बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। यह वारदात न केवल ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा कर रही है, बल्कि पुलिस विभाग के लिए भी एक चुनौतीपूर्ण जांच का विषय बन गई है। आमाबेड़ा थानाक्षेत्र का मातला (ब) गांव कभी घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, जहां नक्सलियों की व्यापक गतिविधियां वर्षों तक बनी रहीं। हालांकि एक माह पहले इस इलाके में सक्रिय अधिकतम एरिया कमेटी के नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट गए है, जिससे क्षेत्र में नक्सल मूवमेंट लगभग शून्य हो गया है। ऐसे माहौल में इस तरह की हत्या कई सवाल खड़े कर रही है। मृतक की पहचान गांव के बैगा के रूप में की





गई है, जो पारंपरिक रूप से गांव की चिकित्सा व्यवस्था, झाड़-फूंक और धार्मिक अनुष्ठानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। बैगा समुदाय ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### नक्सली मूवमेंट शून्य, फिर हत्या किसने की?

सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि जब क्षेत्र में नक्सल गतिविधियां पूरी तरह से बंद हो चुकी हैं, तो हत्या की यह घटना किसने और क्यों की? पुलिस भी इसी बिंदु पर विशेष ध्यान दे रही है। पिछले कुछ वर्षों में जिले के अन्य हिस्सों में बैगा की हत्या के कई मामले सामने आए हैं। इन हत्याओं में एक बात आमतौर पर देखने मिली थी कि बैगा पर झाड़-फूंक या टोना-टोटका का आरोप लगाया जाता रहा है। कई मामलों में ग्रामीण स्तर पर किए जाने वाले आरोपों और अंधविश्वास के कारण ऐसी घटनाएं होती रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मातला (ब) की यह घटना भी संभवतः इसी धारणा से जुड़ी हो सकती है, लेकिन अभी जांच खुली है और पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर काम कर रही है।

#### घटना कैसे घटी, गांव में फैली दहशत

शनिवार 8 नवंबर को धरमूराम सलाम का घर मातला (ब) के गौड़पारा में है और उससे डेढ़ किमी. की दूरी पर खेती है, जिस पर मक्का की फसल भी लहलहा रही है। खेत में बनी लाड़ी में बैगा अपनी पत्नी रश्मों बाई के साथ प्रतिदिन सोता था। 8 नवंबर को गांव के हिरगू उपेण्डी अपनी बेटी का इलाज करवाने बैगा की लाड़ी में पहुँचा था और रात हो जाने से लाड़ी में ही सो गया था। लाड़ी में अचानक साढ़े 10 बजे गोली चलने की आवाज आई। पत्नी ने देखा कि गोली के छर्रे गले और टुड्डी में लगे थे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं लाड़ी में सो रहे गांव के हिरगू उपेण्डी ने देखा कि एक आदमी भाग रहा है, जिसका पीछा किया, परंतु वह जंगल की ओर फरार हो चुका था। गाँव में खबर फैलते ही गांव में दहशत का माहौल बन गया।

#### एफएसएल टीम मौके पर पहुंची, की कार्रवाई

आमाबेड़ा थाना प्रभारी विनोद साहू ने बताया कि घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा गया। एफएसएल टीम ने भी मौके से हथियार के इस्तेमाल के संकेतों और अन्य साक्ष्यों को एकत्र किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि भरमार बंदूक का उपयोग ग्रामीण क्षेत्र में आम है और कई बार यह अवैध रूप से रखा जाता है। पुलिस हर पहलू को गंभीरता से मामले को खंगाल रही है।

#### पूछताछ शुरू, जल्द होगा खुलासा

एसडीओपी शुभम तिवारी ने बताया कि गांव के कुछ व्यक्तियों से पूछताछ शुरू कर दी गई है। फॉरेंसिक और डॉग स्क्वाड को भी अहम साक्ष्य मिलें है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या मृतक के साथ निजी विवाद या आर्थिक लेनदेन का कोई मुद्दा तो नहीं था। पुलिस को कई इनपुट मिले है, मामले का जल्द खुलासा हो जाएगा।

---

## प्रशिक्षु आईएएस, आईपीएस व आईएफएस ने परेंकोड़ो में योजनाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जिले के आकांक्षी ब्लॉक दुर्गुकोंदल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत परेकोडो में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी से फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत आए आईएएस, आईपीएस, आईएफएस एवं अन्य अखिल भारतीय एवं केंद्रीय सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने फील्ड स्टडी एवं अनुसंधान उद्देश्यों के लिए दौरा किया। प्रशिक्षु अफसरों का दल शासन की विभिन्न विकासोन्मुखी योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन, वास्तविक प्रभाव और लाभार्थियों तक पहुँच की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन कर रहा है। फील्ड विजिट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक संरचना, विकास चुनौतियाँ, प्रशासनिक सुगमता, जनभागीदारी एवं सेवा प्रदायन प्रणाली की वास्तविक परिपाटी को समझना है। दल में विभिन्न सेवाओं से प्रशिक्षु अधिकारी सम्मिलित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से पीयूष कुमार, आमिर नौशाद, सुमित चक्रवर्ती, दिनेश हापुराम बिश्नोई व प्रीति इन अधिकारियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा किया। स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों, समूह सदस्यों ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बाड़ी में घुसी मवेशी को निकालने गए किसान पर हमला, दो पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कुरना गांव में एक वृद्ध किसान पर दो पड़ोसियों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बाड़ी में घुसे मवेशी को निकालने गए किसान पर अचानक हमला कर आरोपियों ने हाथ-मुक्कों और लात से पीटना शुरू कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी गई। घायल किसान की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

थाना कांकेर में दर्ज शिकायत के अनुसार कुरना निवासी 70 वर्षीय श्याम सुंदर साहू पिता स्व. हलाल खोर साहू ने पुलिस को बताया कि वे खेती-किसानी का कार्य करते हैं। 9 नवंबर की शाम करीब साढ़े 5 बजे वे अपने कोठार में रखे गाय-बैल को देखने गए थे। इस दौरान उन्हें पता चला कि उनका एक गाय पड़ोसी जयलाल साहू के घर की बाड़ी में घुस गया है। उन्होंने पशु को बाहर निकालने के लिए बाड़ी में प्रवेश किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, तभी पड़ोस के संजय साहू पिता दयलू राम और अनेश्वर साहू पिता जयलाल, दोनों निवासी कुरना वहां पहुंचे और पूछताछ करने लगे कि बिना अनुमति बाड़ी में कैसे घुस गए। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और एक राय होकर किसान को पटक-पटक कर हाथ-मुक्का और लात से मारना शुरू कर दिया। हमले में पीड़ित के दोनों हाथ, सिर और पैर में चोटें आई हैं, जिससे उन्हें अत्यधिक दर्द हो रहा है। पीड़ित किसान का कहना है कि वह केवल अपने मवेशी को निकालने गया था, लेकिन मामूली बात पर पड़ोसियों ने उसके साथ गंभीर मारपीट की।

घटना के बाद पीड़ित किसान सीधे थाना कांकेर पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर संजय साहू और अनेश्वर साहू के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## घर में घुसने पर दी गाली तो कर दी हत्या, दो दिनों में गुत्थी सुलझाई, आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- गाली-गलौज के बाद आक्रोश चाकू मारकर की हत्या, आरोपी ने अपराध किया कबूल
- पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी दो दिन में सुलझाई



#### चाकू से हमला करके की हत्या

आरोपी आक्रोश में आकर हत्या के नियत से अपने घर से चाकू लेकर आया और मृतक के गर्दन, सीना एवं चेहरे पर बार बार चाकू से वार करके मृतक की हत्या कर दिया और वहां से भागकर चाकू को घर के कुंए में फेंक दिया। खून से सने कपड़ा को घर में छुपा दिया। पुलिस द्वारा हत्या में प्रयुक्त चाकू और आरोपी के खून से सने कपड़ा को जप्त कर किया गया है। आरोपी किलेपारा निवासी 19 वर्षीय कैटिज कुलदीप पिता प्रमोद कुलदीप को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

हाल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम किलेपार में 8 नवंबर को 54 वर्षीय संतुराम देशमुख के हत्या की जाँच कर रही टीम को इनपुट मिला कि कैटिज कुलदीप मृतक के घर के आसपास देखा गया था। पुलिस ने संदेही से कड़ाई से पूछताछ किया, उसने कबूल किया कि मैं उसके घर में घुसा था, इस पर मृतक ने गाली दे दिया। मैने उसे पहले ईट व पत्थर से मारा, जिसमें बेहोश हो गया। घर से चाकू लाकर हमला करके हत्या कर दिया। पुलिस ने दो दिनों में अंधेकत्ल को सुलझाकर आरोपी को जेल भेज दिया। नरहरपुर प्रभारी निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल, चौकी हल्बा प्रभारी निरीक्षक कोमल भूपेन्द्र पटेल ने टीम गठित कर मौका पहुंचकर शव का निरीक्षण कर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मृतक 54 वर्षीय संतु राम देशमुख पिता बरातु देशमुख की हत्या करने का मामला पाए जाने पर चौकी हल्बा में धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

चौकी प्रभारी हल्बा के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले में अज्ञात आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था। घटना स्थल के आसपास ग्रामीणों से बारिकी से पूछताछ किया गया और अज्ञात आरोपी के पतासाजी के लिए मुखबिर तैनात किया गया। इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि कैटिज कुलदीप घटना के समय घटना स्थल के आसपास देखा गया है। पुलिस ने संदेही कैटिज कुलदीप को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। संदेही ने पुलिस को बताया कि 8 नवंबर को दोपहर 3 बजें वह मृतक के बाड़ी में अनाधिकृत रूप से घुसा था। मृतक ने आरोपी कैटिज कुलदीप को गाली दिया। आक्रोश में आकर आरोपी ने मृतक के साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मृतक जमीन पर गिर गया। आरोपी के द्वारा ईंट पत्थर से मृतक के सिर में वार किया गया, जिससे मृतक बेहोश हो गया।

---

### बागोडार की मोटर हुई खराब, जल्द सुधार करवाया जाएगा

# कांकेर शहर के कई वार्डों में पेयजल संकट गहराया, कई जगह दो दिनों से आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पाइप लीकेज और टैंकरों से आपूर्ति में देरी के कारण समस्या हुई विकराल

शहर के कई वार्डों में इन दिनों पानी की समस्या ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पीने के पानी की गंभीर किल्लत के कारण वार्डवासी सुबह से ही हाथ में बर्तन लेकर अपने घर के नल के पास पहुँच जाते हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि कुछ वार्डों में दो-दो दिन तक पानी की सप्लाई नहीं हो



रही, जिससे नागरिकों को वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

शहर के संजय नगर, शिव नगर एवं अन्य वार्ड में सबसे ज्यादा संकट देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइप लाइन में बार-बार लीकेज होने और टैंकर आपूर्ति में देरी के कारण समस्या और बढ़ गई है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों को पीने और खाना बनाने के लिए पर्याप्त पानी जुटाने में ही पूरा दिन निकल जाता है। पानी की सप्लाई बेहद अनियमित हो गई है। सुबह 6 बजे नल खोलते हैं, तो एक बूंद भी नहीं आता और जब पानी आता ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### लोगों में बढ़ रही नाराजगी

जल संकट को लेकर लोगों में नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि हर साल गर्मी के समय यह समस्या बढ़ जाती है, लेकिन इस बार सर्दी की शुरुआत में ही पानी की किल्लत सामने आना चिंता का विषय है। वार्डवासियों का कहना है कि अस्थायी समाधान से बात नहीं बनेगी। वे स्थायी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

#### जल्द ही शुरू होगी पानी सप्लाई

शहर में हो रही पानी की समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक से बात करने पर बताया गया कि बागोडार में लगा मोटर खराब हो गया है। सुधार कार्य कराया जा रहा है, पानी का सप्लाई पूरी तरह से बंद नही हुआ है। दो टाईम के जगह एक टाईम पानी का सप्लाई शहर में किया जा रहा है व कई मोहल्ले में दो टाईम पानी दिया जा रहा है, लेकिन पानी कम सप्लाई हो रहा है। समस्या का समाधान जल्द ही हो जाएगा।

## बेकाबू पिकअप पेड़ से टकराई, बड़ी दुर्घटना टली, चालक बाल- बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

साईमुंडा के पास अनियंत्रित बोलेरो पिकअप सागौन के पेड़ से टकरा गई। हादसे में चालक बाल-बाल बचा। ओडापानी क्षेत्र में एक ही रात दो बोलेरो हादसा होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है।

रविवार की देर रात करीबन 2 बजे विश्रामपुरी से धमतरी की ओर जा रही बोलेरो पिकअप वाहन साईमुंडा ओडापानी के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सागौन के पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि वाहन के ड्राइवर साइड का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सौभाग्य से चालक को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई और वह बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एएस 5644 पर सिन्हा ट्रांसपोर्ट लिखा हुआ है। यह वाहन धमतरी का बताया ▶▶| शेष पेज 10 पर



#### एक ही रात में दूसरी बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त

रविवार रात को ही ओडापानी क्षेत्र के पास एक और बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा टकराया था। उस वाहन में लगभग 6 से 7 सवारियां थीं, जिन्हें हल्की चोटें आईं। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद बोलेरो को रातोंरात मौके से हटा दिया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लगातार हो रहे इन हादसों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में रात के समय गश्त बढ़ाने और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण रखने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया जाएगा 12 से

**कोण्डागांव।** बस्तर क्षेत्र के युवाओं में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ 12 नवंबर को सुबह 11 बजे से खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र, बड़ेकनेरा रोड में किया जाएगा। यह आयोजन 12 से 15 नवंबर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। चार दिवसीय इस आयोजन में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कराते, वेटलिफ्टिंग, खो–खो, रस्साकस्सी, व्हॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन और फुटबॉल जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। खिलाड़ियों को अपने हुनर और फिटनेस दिखाने का भरपूर अवसर मिलेगा। पहले दिन 12 नवंबर को 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं की प्रतियोगिताएं होंगी तीरंदाजी खेलो इंडिया सेंटर, कनेरा रोड एथलेटिक्स न्यू स्टेडियम, नगरपालिका कोण्डागांव खो–खो ऑडिटोरियम के पीछे मैदान व्हॉलीबॉल खेल परिसर, बड़ेकनेरा रोड कबड्डी खेल परिसर, कबड्डी मैदान बैडमिंटन नगर पालिका कोर्ट, ऑडिटोरियम के बाजू फुटबॉल पुलिस लाइन मैदान। दूसरे दिन 13 नवंबर को महिला वर्ग 17 वर्ष से अधिक के मुकाबले होंगे, जबकि तीसरे दिन 14 नवंबर को पुरुष वर्ग 17 वर्ष से अधिक के खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे। अंतिम दिन 15 नवंबर को 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वरिष्ठ खेल अधिकारी के अनुसार, प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क को बढ़ावा देना है। बस्तर ओलंपिक के माध्यम से जिले के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

## दिव्यांग मनोज को दी लोन लेने की जानकारी

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम छग शासन समाज कल्याण विभाग रायपुर अंतर्गत 40 प्रतिशत से ऊपर दिव्यांगजनों को रोजगार एवं जीविकोपार्जन हेतु ऋण देने का प्रावधान है परंतु गांरटर के रुप में शासकीय कर्मचारी या अधिकारी को मान्यता दिया गया है जो दिव्यांगजनों के लिए टेढ़ी खीर के समान है। वनांचल क्षेत्र नगरी के खुदुरपानी निवासी दिव्यांग मनोज ध्रुव नौकरी की आशा छोड़कर व्यवसाय करने के लिए घनश्याम सिंह साहू से मिला तो उन्होंने ऋण प्रपत्र देकर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई ताकि वह स्वरोजगार स्थापित कर जीविकोपार्जन कर सके।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**मगरलोड।** नयापारा से मगरलोड जाने वाले सड़क मार्ग में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बाइक चालक मगरलोड निवासी गीतराम साहू की ट्रेक्टर के पहिये में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 7 नवम्बर शुक्रवार की रात्रि करीब 7 बजे नयापारा की ओर से रेत से भरे ट्रेक्टर ग्राम भेंडरी की ओर जा रहे थे। उधर से बाइक चालक गीतराम मगरलोड की ओर आ रहे थे। ट्रेक्टर चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चालक का सिर ट्रेक्टर के पहिये में आ गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी नयापारा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। करेली बड़ी पुलिस ने बताया कि नयापारा पुलिस इस मामले पर कार्रवाई कर रही है। विदित हो कि इस सड़क मार्ग में लगातार सड़क दुर्घटना से मौतें हो रही हैं।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य की दी जानकारी

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक रविवार को बिरगुड़ी रेस्ट हाउस में हुई, जिसमें मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में कार्यशाला प्रभारी पिंकी शिवराज ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया एवं उसके महत्व के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची को अद्यतन करने में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि बूथ संगठन ही पार्टी की रीढ़ है और इसके सशक्तिकरण से ही आगामी चुनावों में सफलता सुनिश्चित की जा सकती है।

# विधायक ने चनाभरी में नवीन आंबा भवन का किया लोकार्पण

**बच्चों के सर्वांगीण विकास की नई पहल: टेकाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव / विश्रामपुरी

बच्चों के उज्जवल भविष्य और समग्र विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने सोमवार को ग्राम चनाभरी ब्लॉक बड़े राजपुर में नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों और महिला समूहों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में निरंतर सुधार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि "आंगनबाड़ी केंद्र न सिर्फ बच्चों के पोषण का माध्यम हैं, बल्कि यह उनके प्रारंभिक शिक्षा और सर्वांगीण विकास की नींव हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक बच्चा स्वस्थ और शिक्षित होकर आगे बढ़े।" विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पोषण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नए भवन से बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और शिक्षण के लिए उपयुक्त वातावरण प्राप्त होगा, जिससे बाल विकास कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थीं। ग्रामवासियों ने विधायक नीलकंठ टेकाम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन क्षेत्र के बच्चों के लिए एक नई उम्मीद और सुविधा लेकर आया है।



### कार्य सुव्यवस्थित ढंग से होगा

*आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि नए भवन के निर्माण से बच्चों के लिए पढ़ाई, खेलकूद और पोषण आहार वितरण का कार्य अधिक सुव्यवस्थित ढंग से हो सकेगा। विधायक टेकाम ने अंत में कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक गांव और हर परिवार का बच्चा स्वस्थ, शिक्षित और आत्मनिर्भर बने, यही असली विकास का संकेत है।*

**निर्देश: मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने कहा**

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आलबेड़ापारा पहुंचकर बीएलओ से कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और सत्यापन कार्य को सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार कार्य चल रहा है। कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर एक मतदाता के घर का भ्रमण किया और उनसे सीधे संवाद कर मतदाता सूची से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ द्वारा गणना पत्रक वितरण, मतदाता की जानकारी का बीएलओ एप में प्रविष्टिकरण तथा अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

■ नुपूर राशि पन्ना ने लिया अभियान की प्रगति का जायजा



### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव तथा तहसीलदार मनोज रावटे उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य में शत–प्रतिशत घर–घर सत्यापन सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

### 4 दिसंबर तक चलेगा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान आगामी 4 दिसंबर 2025 तक संचालित रहेगा। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य निर्वाचक नामावली को अद्यतन, त्रुटिरहित और सटीक बनाना है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक पात्र नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# मंडी परिसर से 180 बोरी धान जब्त

## बिना दस्तावेज के किया था भंडारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025 के दौरान धान खरीदी प्रक्रिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। धान के अवैध परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार जांच और निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार आज खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में डीएमओ और मंडी इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने मंडी परिसर, कोण्डागांव में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महावीर ट्रेडर्स की दुकान में 180 बोरी धान बिना किसी वैध दस्तावेज के भंडारित पाया गया। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिना प्रमाणपत्र के रखे गए धान की जब्ती की कार्यवाही की गई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में किसी भी प्रकार का अवैध धान परिवहन या भंडारण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# भगवान सहस्त्रबाहू की जयंती मनाई व निकली शोभा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के ग्राम मरकाटोला फत्तेचंद्र में डंडसेना कलार समाज द्वारा भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाजिक एकता, संस्कृति और सामूहिक सहयोग का सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह विधिवत पूजा-अर्चना और कलश यात्रा के साथ हुई। ग्राम की सड़कों पर जब कलार समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलश लेकर डीजे की धुनों पर शोभायात्रा निकाली, तो पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूब गया। इस कलश यात्रा में समाज के सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा के समापन के पश्चात भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की छायाचित्र की विधिवत पूजा की गई। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन, जिन्हें भगवान कार्तवीर्य अर्जुन के नाम से भी जाना जाता है। कलार समाज अपने आराध्य देव के रूप में पूजता है। कलार समाज ने इस दिन को सामाजिक सद्भाव, एकता और आत्मगौरव के उत्सव के रूप में मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का जीवन हम सभी को समाज में न्याय, पराक्रम और संगठन का संदेश देता है। समाज के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कलार समाज भवन के निर्माण के लिए 10 लाख रुपएं देने की घोषणा की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, सरपंच मिथलेश कावडे, ग्राम प्रमुख मणिशंकर सिन्हा, संदीप सिन्हा, राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, सरवन सिन्हा, ओमप्रकाश जैन, रूपेश सिन्हा, संदीप जैन, ईश्वर सिन्हा, टीकाराम सिन्हा, बिशाली राम सिन्हा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# सीमावर्ती फुटबाल प्रतियोगिता में मंडागांव टीम की खिताबी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र में एक भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीएसएफ के जवानों के साथ-साथ आसपास के गांवों के युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में खेलों को बढ़ावा देना, युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करना तथा बीएसएफ और स्थानीय नागरिकों के बीच आपसी विश्वास एवं सौहार्द को और अधिक मजबूती प्रदान करना था।

प्रतियोगिता का मुख्य मुकाबला भूस्की और मंडागांव की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार कौशल, संयम और खेलभावना का परिचय दिया। रोमांचक और कड़े संघर्ष के बाद मंडागांव की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। यह आयोजन 178 वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट जेआर कुजूर के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का सशक्त माध्यम हैं, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन, भाईचारा और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं। खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते हुए उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बीएसएफ द्वारा निरंतर जनसंपर्क और सामुदायिक विकास से जुड़े कार्यक्रम स्थानीय क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों में सुरक्षा बलों के प्रति अपनत्व और विश्वास की भावना और अधिक गहरी हो रही है। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा, उप समादेष्टा गुरुचरण सिंह, जवान तथा आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# श्रमिकों के पंजीयन के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

श्रम विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में मोबाइल कैंप के माध्यम से श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण और योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। पंजीयन व नवीनीकरण के लिए श्रमिकों को अपने साथ निम्न मूल दस्तावेज लाने होंगे आधार कार्ड परिवार के सभी सदस्यों का राशन कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, असंगठित कर्मकारों के लिए आय प्रमाण पत्र अनिवार्य है। 13 नवंबर फरसगांव ग्राम सिंगारपुरी, केशकाल ग्राम निराछिंदली, बड़ेराजपुर ग्राम छोटेमालगांव, 19 नवंबर को फरसगांव ग्राम गट्टीपलना, केशकाल ग्राम प्रधानचेर्रा, बड़ेराजपुर ग्राम खल्लारी, 21 नवंबर को माकड़ी ग्राम



एरला, हिरापुर, इंगरा फरसगांव ग्राम पाण्डेआठगांव केशकाल ग्राम कोहकामेटा बड़ेराजपुर ग्राम गम्हरी 24 नवंबर को फरसगांव ग्राम चिचाड़ी, केशकाल ग्राम एटेकोन्हाड़ी, बड़ेराजपुर ग्राम जोड़ेकेरा 27 नवंबर कोण्डागांव ग्राम कुलझर, उमरगांव ब, सिंगनपुर, फरसगांव ग्राम पासंगी, केशकाल ग्राम माझीचेर्रा बड़ेराजपुर ग्राम बडबत्तर, 1 दिसंबर फरसगांव ग्राम बानगांव, केशकाल ग्राम जामगांव, बड़ेराजपुर ग्राम पीढ़ापाल, 4 दिसंबर कोण्डागांव जामपदर, फ़ॉरेस्ट कॉलोनी वार्ड, कोपाबेड़ा वार्ड, मरारपारा रोजगारीपारा वार्ड फरसगांव ग्राम चांदागांव केशकाल ग्राम गौरगांव, बड़ेराजपुर ग्राम तितरवण्ड में होगा।

**विधिक सेवा दिवस पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन**

# मानसिक रोगियों की देखभाल, उपचार व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के निर्देशानुसार, सुश्री गायत्री साय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा शांति फाउंडेशन का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने मानसिक रोगियों के उपचार, देखभाल एवं पुनर्वास की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया।

■ शांति फाउंडेशन में मानसिक रोगियों की स्थिति जांचने पहुंचे

निरीक्षण के दौरान सचिव ने संस्था में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, उपचार प्रक्रियाओं एवं रोगियों के अधिकारों की सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने संस्था के देखभाल कर्मियों से बातचीत कर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, संस्था परिसर की साफ–सफाई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। विधिक सेवा दिवस के अवसर पर निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। सचिव ने बताया कि समाज के कमजोर वर्गोंर् को न्याय सुलभ कराने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता और परामर्श सेवाएँ निरंतर प्रदान की जा रही हैं।



### संस्था में 78 मानसिक रोगी पाए गए

निरीक्षण के समय शांति फाउंडेशन में कुल 78 मानसिक रोगी उपस्थित पाए गए, जिनमें 36 पुरुष, 39 महिलाएँ एवं 3 बच्चे शामिल थे। सचिव ने इनकी देखभाल में और सुधार के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

### संस्था प्रमुख एवं टीम रही उपस्थित

निरीक्षण के दौरान संस्था प्रमुख श्रीमती प्रमिला नाग, पैरालीगल वॉलिंटियर अधिकारी मित्र रंजन बैध एवं रविन्द्र सिंह बघेल, साथ ही संस्था के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**पेज 09 के शेष...**

### नक्सल मुक्त इलाके...

की ग्रामीण समाज में विशेष सामाजिक पहचान रहती है और स्वास्थ्य संबंधी परंपरागत उपचार के लिए विशेषतः आदिवासी इलाकों में इन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

### प्रशिक्षु आईएएस...

की आजीविका उन्नयन, आर्थिक सशक्तिकरण, बचत-ऋण व्यवस्था, उत्पादन इकाइयों और विपणन तंत्र को समझा। महिलाओं ने बताया कि समूह गतिविधियों के माध्यम से परिवार की आय में वृद्धि हुई है और सामाजिक भागीदारी भी सुदृढ़ हुई है। स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में उन्होंने टीकाकरण, एनीमिया नियंत्रण, शिशु मृत्यु दर में कमी, आंगनबाड़ी सेवाओं की उपलब्धता एवं मातृ स्वास्थ्य निगरानी के लिए किए जा रहे प्रयासों को जाना। शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों की उपस्थिति, शिक्षक गुणवत्ता, सीखने के परिणामों में सुधार एवं ग्रामीण शिक्षा वातावरण की स्थिति पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जल स्तर संरक्षण, कृषि विविधीकरण, जल संसाधन उपयोग, वनाधिकार एवं ग्रामीण रोजगार अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास भवन का निरीक्षण, आंगनबाड़ी केंद्र परेकोडो गांव लोकल निरीक्षण किया गया।

### कांकेर शहर के...

है तो कुछ ही मिनटों में बंद हो जाता है। साफ-सफाई और दैनिक जरूरतों के लिए पानी जुटाना चुनौती बन गया है। कई बार पास के हैंडपंप या पड़ोसियों के यहां से पानी लाना पड़ रहा है।

### बेकाबू पिकअप पेड़...

जा रहा है और ट्राली छोड़कर वापिस लौट रहा था। बताया जा रहा है कि वाहन तेज रफ्तार में था, जिसके कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा और दरवाजा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दिया। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर वाहन को सड़क किनारे हटवाया और यातायात को पुनः सुचारू कराया।

**खबर संक्षेप**

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दंतेवाड़ा प्रवास



**गीदम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज प्रवास पर गीदम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश संयुक्त महामंत्री सकील रिजवी के बड़े भाई, वरिष्ठ कांग्रेसी स्व. सकुर रिजवी के निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री विमल सलाम के निवास पहुंचकर उनके स्व. पिता को श्रद्धांजलि दी। बैज ने वरिष्ठ कांग्रेसी स्व. उडकूडे के निवास पर भी पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ ही उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के भाई के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से भेंट की एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व विधायक दंतेवाड़ा देवती महेन्द्र कर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा, जिला कांग्रेस महामंत्री रविश सुराना, जिला सचिव रजत दहिया रजत दहिया,सेक्टर अध्यक्ष नंदू सुराना, गीदम ब्लॉक मिडिया प्रभारी ऋषभ सुराना, जोन अध्यक्ष रोशन पवार, अंरुण मंसूरे, गोलू ठाकुर, दिनेश गुप्ता, भगत नाग एवं अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## बस्तर ओलंपिक का गरिमामयी शुभारंभ



**बीजापुर।** बीजापुर में बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और गरिमामयी वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जी. वेंकट, घासीराम नाग, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, प्रभारी जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल एवं एसडीएम जागेश्वर कौशल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बस्तर संभाग के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना, उनकी खेल एवं रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और शासन-जनता के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बस्तर ओलंपिक का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है।
इस खेल महोत्सव में एथलेटिक्स 100, 200, 400 मीटर दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, 4x100 मीटर रिले रेस, तीरंदाजी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, कराते, वॉलीबॉल, महिला सीनियर वर्ग के लिए रस्साकशी, तथा जिला स्तर पर हॉकी और वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। बस्तर ओलंपिक के तहत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं 10 से 11 नवंबर तक आयोजित की जा रही हैं। खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु विभिन्न विभागों की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर जिला सदस्य मैथियस कुजूर, सतीश एंड्रिक, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, जनपद सदस्य बोधि ताती, अनिल नक्का, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, नगर पालिका बीजापुर के पार्षदगण, सीईओ जनपद पंचायत पीआर साहू, कल्पना रथ, नागेश निषाद, दीपक कोंड्रा, राजेश मिश्रा, मेघराज वट्टी, गौरव सोनकिया, विष्णु दुर्गम, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, पीटीआई, कोच और ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री ने नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यों की समीक्षा की

# सुरक्षा कैम्पों से बढ़ा विश्वास, विकास की रफ्तार में आई गजब की तेजी : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने बीजापुर जिले के दो दिवसीय प्रवास के दौरान आज इन्द्रावती सभाकक्ष में नक्सल उन्मूलन एवं अंदरूनी क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने नक्सल उन्मूलन की गतिविधियों, नवस्थापित सुरक्षा कैम्पों की स्थिति उनके संचालन से आए सकारात्मक सामाजिक बदलावों तथा उन क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

■ सुरक्षा कैम्पों से बदली स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर दिया बल

उपमुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी, सड़क, बिजली, पेयजल और संचार सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा कैम्पों की स्थापना के बाद 166 गांव अब नियद नेल्लानार योजना में शामिल किए गए हैं जिसके तहत सभी बुनियादी सुविधाएं और शासन की योजनाएं पहुंचाने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने पिछले दो वर्षों में नक्सली गतिविधियों में आई कमी, पुनर्वासन करने वाले युवाओं की संख्या, गिरफ्तारियाँ, आईईडी बरामदगी तथा हथियारों की जब्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कैम्पों की स्थापना के बाद दूरस्थ इलाकों में प्रशासनिक पहुंच बढ़ी है और आम जनता में सुरक्षा के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

विजय शर्मा ने भैरमगढ़ ब्लॉक के नदी पार सात गांवों में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप की सराहना की और कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को और व्यापक स्तर पर पहुंचाने की दिशा में नई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन्द्रावती नदी किनारे बसे पंचायतों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए मोटर बोट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही प्रत्येक गांव में आशा एवं मितानिन कार्यकर्ता की नियुक्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए।

**वनाधिकार एवं योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर**

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत चिन्हांकित सभी गांवों में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वनाधिकार पत्र प्रत्येक पात्र हितग्राही को जल्द प्रदान किए जाएं। इसके लिए पूर्व में स्थापित सुरक्षा कैम्पों वाले सभी गांवों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर वितरण सुनिश्चित करने को कहा।

**महिला समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल**

विजय शर्मा ने कहा कि महिला स्व.सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए लघु वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं वैल्यू एडिशन पर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने महुआ, टोरा, इमली, चिरौंजी जैसी स्थानीय वनोपजों का वैज्ञानिक संग्रहण एवं प्रसंस्करण कर वैल्यू एडिशन आधारित आयवृद्धि मॉडल लागू करने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस बैठक में बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बोटीपारा आज भी विकास की रोशनी को मोहताज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली





बचेली के वार्ड क्रमांक एक बोटी पारा में आज भी विकास की रोशनी नहीं पहुंची है। पारा में न तो जल निस्तारण के लिए नाली बनी है,न अच्छी सड़क है और न ही पेयजल की उचित व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था भी अक्सर बाधित रहती है।

वार्ड के महिलाओं का कहना है, रात में अँधेरे के कारण घर से बाहर निकलना मुश्किल होता है। शहर के बीचों बीच स्थित वार्ड में स्ट्रीट लाइट की सुबिधा तक नहीं है। वार्ड में घुसने के लिए जो सड़क बनी है संकरी है और सड़क के बीचों बीच बिजली का खम्बा लगा हुआ है। जिससे किसी बीमारी की अवस्था या प्रसव के समय किसी चारपहिया वाहन या एम्बुलेंस के वार्ड में घुसने का कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है। जिससे वार्ड वासियों को विशेषकर महिलाओं को कई तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नल के द्वारा छोड़ा गया पानी वार्ड में नहीं आता है, एक हैंड पंप तक नहीं है, जिससे निस्तारी का का कार्य किया जा सके। हालत यह है की वर्षो पुराने बिजली के खम्बे झुक गये है, जिससे हाई टेंशन वायर घरो के ऊपर झूलकर किसी अकस्मात दुर्घटना को जन्म दे सकती है।

नगरपालिका के सीएमओ ने इंजीनियर संतोष कुमार नेगी को वार्ड में भेजकर समस्या के समाधान की बात कही।

# ग्रामीणों का खेल प्रेम एकता की मिसाल है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में आयोजित 25वां वर्ष रजत जयंती टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह अत्यंत उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके आगमन पर ग्रामवासियों एवं खिलाड़ियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

बघेल ने वर्ष 2000 से क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत कराने वाले तत्कालीन वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्हें श्रीफल एवं साल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके योगदान को खेल विकास का आधार बताया। सम्मानित खिलाड़ियों में प्रमुख रूप से लखेराम बघेल, पांचकोड़ी भारती, ऋषिकेश परगनिया, सुबर्धन झाली, शंभू भारती, गणेश नाग, दयमन कश्यप, बंटू कश्यप, समारोह कश्यप, मोगरा झाली, जय सिंह बघेल, अनंत भारती, साहुल बघेल, फूल सिंह भारती, पदम भारती, कुलेश लाल साहू, सुंदरलाल भारती, लक्ष्मीनाथ कश्यप, रामचंद्र चंदेल, सुदर्शन यादव सहित अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि छोटे देवड़ा के युवाओं ने वर्ष 2000 में जब क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत की थी तब मैं जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में इस आयोजन में शामिल हुआ था। आज 25 वर्ष बाद भी यह परंपरा निरंतर जारी है, जो गांव के खेल प्रेम और एकता की मिसाल है मैं इस आयोजन का हिस्सा बनकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता हूं। पंचायत स्तरीय और विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले बिजली विभाग और शिक्षा विभाग के मध्य खेला गया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिजली विभाग की टीम मात्र 59 रन पर आलआउट हो गई लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिक्षा विभाग की टीम ने प्रारंभिक तीन विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद आला और देवेंद्र की शानदार साझेदारी के दम पर मैच अपने नाम कर लिया।

पंचायत स्तरीय फाइनल मुकाबला कस्तूरी और कुरुसपाल के बीच खेला गया टॉस जीतकर कुरुसपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 84 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए कस्तूरी की टीम ने शुरुआती अच्छी शुरुआत की, लेकिन मध्यक्रम में विकेटों के गिरने से मैच रोमांचक हो गया अंतिम ओवर में 8 रन की जरूरत थी।

# माताएं, बहनें नहीं रहेंगी धूप और बारिश में : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा





दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुमड़पाल में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। यहां 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महतारी सदन भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे चित्रकोट विधानसभा के विधायक विनायक गोयल ने भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया।

■ गुमड़पाल में 30 लाख रुपए की लागत से महतारी सदन भवन का भूमिपूजन

विधायक विनायक गोयल ने इस अवसर पर ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हमारी माताएं और बहनें धूप में या पेड़ के नीचे बैठने के लिए मजबूर नहीं रहेंगी। सरकार महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महतारी सदन के निर्माण से ग्राम की महिलाएं सामाजिक, सांस्कृतिक और शासकीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर ग्राम पंचायत में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सुसज्जित स्थान हो जहां वे आत्मनिर्भरता और सामुदायिक विकास से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा कर सकें। महतारी सदन न केवल एक भवन होगा बल्कि यह महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा। विधायक ने आगे कहा कि चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति निरंतर तेज हो रही है। हर गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। महतारी सदन जैसी योजनाएं ग्रामीण समाज के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करेंगी और महिलाओं को आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगी।

अवसर पर जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप , उपाध्यक्ष हरी प्रसाद कश्यप पीडी, जनपद सदस्य कमलु कवासी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल , मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम , पूर्व मण्डल अध्यक्ष फुल सिंह सेठिया , अरूण नेताम , धर्मेंद्र ठाकुर, नकुल ठाकुर, दिनेश पाण्डेय, लखीराम यादव, बामन बघेल, सन्नु पोडियामी, दनमती नाग, पण्डरू मरकाम, भीम सिंह नाग, शंकर कश्यप, लखमु कश्यप, पतीराम, मनीराम, कलु नाग, तुलसी, जगत पुजारी, पत्रकार मुन्नु सिंह, एवं अन्य पंचायत के पदाधिकारी, सरपंच प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### वन मंत्री सिविल अस्पताल की जीवनदीप समिति की बैठक में हुए शामिल

# स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की हो रही पहल : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर ब्लॉक के सिविल अस्पताल भानपुरी में वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत बनाने और मरीज केंद्रित सुविधाओं को बढ़ाने पर विस्तृत और सकारात्मक चर्चा की गई। बैठक में अस्पताल के मूलभूत ढांचे और मरीजों की सुविधाओं से संबंधित निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई और निर्णय लिए गए।

सोनोग्राफी मशीन एवं कार्डियो टोपोग्राफिक मशीन की आवश्यकता पर चर्चा हुई। लेबोरेटरी रिएजेंट्स, एक्स-रे फिल्म क्रय करने और उनके शुल्क निर्धारण पर विचार-विमर्श किया गया। अस्पताल के विद्युतीकरण की मरम्मत, पोस्टमार्टम कक्ष की मरम्मत, और मरीज वार्ड में बंद पड़े ए.सी. की मरम्मत को शीघ्र कराने पर सहमति बनी। स्वच्छ पेयजल हेतु वाटर कूलर और फिल्टर की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। मरीजों हेतु विभिन्न लघु उपकरणों की खरीदी। मरीजों के मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धक जानकारी हेतु वार्डों, प्रतीक्षा हॉल में टेलीविजन, डिजिटल इनफॉरमेशन टीवी की व्यवस्था। स्वच्छता के लिए इलेक्ट्रिक पोंछा मशीन और मरीजों के कपड़ों की धुलाई हेतु धोबी की व्यवस्था, महिलाओं हेतु इलेक्ट्रॉनिक सेनेटरी पैड डिस्पेंसर मशीन की आवश्यकता के संबंध में मांग रखी गई।

ऑनलाइन एंट्री और प्रशासनिक कार्यों हेतु लैपटॉप की व्यवस्था। कर्मचारी हेतु ड्रेस कोड यूनिफॉर्म, ओवरकोट और स्वेटर की व्यवस्था।

समिति ने निर्णय लिया कि उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन-स्तरीय वित्त पोषण किया जाएगा। कुछ आवश्यक सामग्री, उपकरण विभागीय स्तर पर सीधे सप्लाई किए जाएंगे। कुछ सामग्री की खरीदी जीवनदीप समिति के माध्यम से क्रय की जाएगी। कुछ कार्य मद और अन्य जनपद पंचायत मद के माध्यम से वहन किए जाएंगे।

बैठक के दौरान भानपुरी स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र के संचालन में आ रही कठिनाइयों को भी अवगत कराया गया। इस संबंध में, मंत्री केदार कश्यप ने केंद्र के सुचारू संचालन हेतु वित्त व्यवस्था करने का आश्वासन प्रदान किया। बैठक का संपूर्ण एजेंडा सकारात्मक रहा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में यह बैठक मील का पत्थर साबित होगी।

इस दौरान संतोष बघेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत बस्तर, निर्देश दीवान, जिला पंचायत सदस्य व सदस्य जीवनदीप समिति भानपुरी, भूषण प्रसाद गुप्ता सदस्य जीवनदीप समिति भानपुरी, रामप्रसाद मौर्य सदस्य जीवनदीप समिति भानपुरी, भानुप्रताप चुरेंद्र सीईओ,एसडीओपी पुलिस प्रवीण भारती, तहसीलदार भानपुरी जिवेश शोरी,खण्ड चिकित्सा अधिकारी नारायण सिंह नाग, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र कुमार बघेल, लेखा प्रबंधक भूपेन्द्र सिन्हा, शोभा कांबले, भुवनेश्वर नाइक सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्कूली छात्राओं को मिली साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



शिक्षा प्रोत्साहन अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सरस्वती साइकिल योजना चलाई जा रही है इसके तहत निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम गीदम विकासखंड के एजुकेशन सिटी जावांगा स्थित कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, शकुंतला भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत गीदम, दिनेश कौशल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गीदम, बोमडा राम कोवासी सरपंच ग्राम पंचायत जावंगा, रजनीश सुराना अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, श्याम सिंह ठाकुर अध्यक्ष एसएमडीसी, पवन कर्मा जनपद सदस्य गीदम अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कक्षा 9वीं की कुल 61 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। मुख्य अतिथि चैतराम अटामी ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा समाज की सशक्त नींव है, अतः राज्य सरकार प्रत्येक बालिका तक शिक्षा का अवसर पहुँचाने हेतु सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम का संचालन जावंगा संकुल समन्वयक नितिन विश्वकर्मा ने किया। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर जावंगा के प्राचार्य राजेन्द्र श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी गीदम भवानी पुनेम, खंड स्रोत समन्वयक जितेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षिका शर्मिला कड़ती, शिक्षिका सीमा सिंह चौहान, रविन्द्र झा एवं अन्य शिक्षा शिक्षिका उपस्थित रहे। अतिथियों एवं अधिकारियों ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**25 साल में धान का समर्थन मूल्य 6 गुना बढ़ा : जगदलपुर।** वर्ष 2000 में मोटे धान का समर्थन मूल्य 510 रुपये प्रति क्विंटल था अब 3,100 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच चुका है। इसी प्रकार ग्रेड-ए धान का मूल्य 540 रुपये से बढ़कर 3,100 रुपये हो गया है। छह गुना से अधिक वृद्धि है जिसने किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बना दिया है। आज बस्तर के किसान केवल गुजारा नहीं कर रहे बल्कि अपने परिवार, बच्चों की पढ़ाई और सामाजिक जीवन में भी आत्मनिर्भरता का परिचय दे रहे हैं। चोन्दीमेटवाड़ा के किसान गुड्डू पोयाम कहते हैं अब हम सिर्फ जीवनयापन नहीं करते बल्कि भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। उप संचालक कृषि राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि बस्तर में कृषि की तस्वीर बदली है।

# ठेंगड़ी जयंती पर स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का संदेश



**जगदलपुर।** राष्ट्रऋषि, प्रखर विचारक और भारतीयता के संवाहक दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर स्वदेशी जागरण मंच ने स्थानीय बस्तर चेंबर भवन में आज विशेष कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के विभाग प्रमुख यज्ञ दत्त रहे। उन्होंने कहा कि ठेंगड़ी ने अपने जीवन में मजदूर, किसान, व्यापारी और युवाओं में राष्ट्र चेतना और सामाजिक समरसता का बीज बोया। वक्ताओं डॉ राम राकेश जांगिड़ संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, मालिना हालदार और अनिल शुक्ला ने उनके विचारों से प्रेरणा लेकर स्वदेशी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंच संचालन देवेंद्र देवांगन और आभार प्रदर्शन किशोर पारख ने किया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खपरैल युक्त सीलनभरे घर से मिली निजात

**कांकेर।** नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित क्लस्टर ग्राम पानीडोबीर में शासन की विभिन्न योजनाएं अपने पैर पसारने लगी हैं। कभी संवेदनशील माने जाने वाले इस गांव में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इसी ग्राम की सुखबती जो कभी कच्चे खपरैल युक्त सीलन भरे घर में जीवन गुजारने विवश थी। आज पक्के आवास का सपना अब मूर्तरूप ले चुका है। माओवाद प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के लाभ दिलाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। इस योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्के आवास स्वीकृत कर ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है।

### मानव सेवा समिति का मानसगान 24 से



**भानुप्रतापपुर।** मानव जागृति सेवा समिति की बैठक 8 नवंबर को हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24, 25 और 26 दिसंबर को मानस गान सम्मेलन, प्रवचन तथा झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 24 दिसंबर को विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं 25 और 26 दिसंबर को प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता कामता प्रसाद शरण द्वारा दोपहर 1 बजे से प्रवचन होगा। प्रतिदिन संध्या आरती के पश्चात भव्य झांकी की प्रस्तुति भी की जाएगी। यह जानकारी समिति अध्यक्ष त्रिभुवन शंकर यादव से मिला।

### जिपं चारामा में प्लेसमेंट कैंप 11 से 20 तक होगा

**चारामा।** जनपद पंचायत चारामा में 11 से 20 नवंबर तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजको द्वारा कुल 500 रिक्तयो पर भर्ती लिया जाएगा। सिक्यूरिटी गार्ड के लिए इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैंप मे उपस्थित होकर संपूर्ण बायोडेटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनो के आधार पर प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा।

### दफ़्तर में ताला भटक रहे किसान

**बकावंड।** विकासखंड बकावंड मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय के अभिलेखागार में ताला लटका रहता है । जबकि कार्यालय 10 से 5 बजे तक खुला रहना चाहिए। पंचायत के किसान एवं भूमि स्वामी अपने राजस्व रिकॉर्ड संबंधी दस्तावेजों के लिए घंटों इंतजार कर आवेदन प्रस्तुत करते हैं।

## विवाद : शहर के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर नाकेबंदी

# रैली को लेकर मचे बवाल पर पुलिस की सख्ती शहर की सुरक्षा में नहीं घुस पाया कोई परिंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा और सर्व समाज की ओर से रैली निकालने की अनुमति न मिलने के बावजूद सोशल मीडिया में देर शाम तक रैली की चर्चाएं चलती रहीं। राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के कई पदाधिकारी भी यह कहते नजर आए कि रैली होकर रहेगी। इस सूचना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस तुरंत सक्रिय हो गया। शहर के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर नाकेबंदी कर दी गई, जिसके कारण रैली में शामिल होने आने वाले लोग शहर में प्रवेश ही नहीं कर पाए।

कांकेर में लंबे समय से सद्भाव का माहौल बिगाड़ने की कोशिशें सामने आ रही हैं। शासकीय रिकॉर्ड में धर्मांतरण का एक भी मामला दर्ज नहीं है, लेकिन कई गांवों में कुछ परिवार स्वयं को धर्मांतरित बताते हुए गांव की परंपराओं और पेन व्यवस्था से खुद को अलग कर रहे हैं। इन व्यवस्थाओं का उल्लंघन करते हुए धर्मांतरित व्यक्ति मृतक व्यक्ति को दफनाते है और इससे गांवों में लगातार विवाद की स्थिति बन रही है। दफनाने और पास्टर को गांव में नही घुसने को लेकर राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा ने आक्रोश रैली निकालने एसडीएम कांकेर को आवेदन दिया था। जानकारी मिलते ही सर्व समाज ने भी अपनी ओर से आक्रोश रैली की अनुमति मांगी। एसडीएम ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए दोनों ही संगठनों को अनुमति देने से इंकार कर दिया। इसके बावजूद रैली निकालने की चर्चाओं के



बीच पुलिस ने शहर के सभी प्रवेश बिंदुओं पर जवान तैनात कर दिए। कांकेर शहर के अंदर आने वाले सभी मार्गो पर डीआरजी को तैनात कर दिया था, उसके अलावा धरनास्थल मेलाभाटा जाने वाले मार्ग को भी पूरी तरह बंद कर दिया गया था, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस भी नहीं हो पाई

राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा की ओर से सायमंड तांडी ने शाम 4 बजे मुख्य मार्ग पर बसपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की सूचना दी थी। मीडिया प्रतिनिधि वहां पहुंच भी गए, लेकिन थोड़ी ही देर में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। माहौल को देखते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस को निरस्त कर दिया गया।

### सर्व समाज की कड़ी निगरानी

सर्व समाज के लोग भी मोर्चा की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे। उनका आरोप है कि तथाकथित संगठन भारत के महान पुरुषों महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर, स्वामी विवेकानंद, भगवान बिरसा मुंडा, महर्षि दयानंद सरस्वती, शंकराचार्य, सरदार वल्लभभाई पटेल और महाराणा प्रताप सिंह के चित्रों का दुरुपयोग कर समाज में वैचारिक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है, जबकि इन्हीं महापुरुषों ने जीवनभर राष्ट्रधर्म, सत्य और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य किया था। सर्वसमाज और ग्राम सभाओं के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को कई माँगो को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

## एबीईओ मामले में संघ ने निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ने सहायक खंड शिक्षा अधिकारी से जुड़े प्रकरण में शासन के समक्ष निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच की मांग रखी है। संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि बिना सत्यापन और स्पष्ट जांच के किसी भी शासकीय सेवक पर आधारहीन आरोप लगाना न केवल उनके मनोबल पर आघात करता है, बल्कि संपूर्ण प्रशासनिक प्रणाली के विश्वास को भी कमजोर करता है।

संघ ने ज्ञापन में कहा कि सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी पर लगाए गए आरोप मनगढ़ंत एवं भ्रामक हैं। जांच प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही उन्हें मानसिक और सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि यह स्थिति किसी भी शासकीय अधिकारी की सम्मानजनक सेवा परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है। हम किसी के पक्ष या विपक्ष में नहीं हैं। हमारी मांग केवल यह है कि सत्य को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष और न्यायसंगत जांच हो। प्रत्येक शासकीय सेवक की गरिमा और अधिकारों की रक्षा होना आवश्यक है। शासकीय सेवकों के मनोबल, कार्यक्षमता और निष्पादन का सीधा संबंध उनके सम्मान और कार्य वातावरण से जुड़ा है। यदि किसी अधिकारी को पूर्वाग्रह आधारित आरोपों के कारण मानसिक तनाव झेलना पड़े, तो यह संपूर्ण विभागीय माहौल को प्रभावित करेगा।

ज्ञापन सौंपते समय संघ के विकासखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से बाबूलाल कोमरा, बैजनाथ नरेटी, राजबत्ती पोटाई, सरस्वती गायकवाड़, सतीश ठाकुर, संयोगिता गायकवाड़, हेमलता नरेटी, कमला नरेटी, जयराम कश्यप, सोमेश्वर हुपेंडी, सोमनाथ कोडोपी, लता ध्रुव, अरुण ध्रुव शामिल रहे।



## सहकारी बैंक कर्मचारी वेतन वृद्धि की मांग पर 17 से करेंगे बेमियादी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ बस्तर संभाग ने पांच वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार निवेदन, ज्ञापन और वार्ताओं के बावजूद शासन और पंजीयक कार्यालयों की उदासीनता के चलते उन्हें आंदोलन का रास्ता चुनने पर मजबूर होना पड़ा है। आंदोलन 7 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है। इस अवधि में कर्मचारी कार्यालय में काली पट्टी धारण कर कार्य कर रहे हैं और प्रतिदिन दोपहर ढाई बजे से 3 बजे तक नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। संघ के सदस्यों ने बताया कि आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में 10 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे से साढ़े 12 बजे तक कलमबंद हड़ताल की गई, जिसके दौरान बैंकिंग सेवाएँ पूरी तरह ठप रहीं। 11 नवंबर को समस्त कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर प्रधान कार्यालय, जिला सहकारी बैंक, जगदलपुर में एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे, सबसे गंभीर चरण 17 नवंबर से शुरू होगा, जब संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। यह हड़ताल वेतन वृद्धि स्वीकृत होने तक जारी रहेगी। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन पुनरीक्षण का प्रस्ताव बहुत समय से लंबित है, बावजूद इसके शासन द्वारा कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया। उनका आरोप है कि बार-बार अवगत कराने के बावजूद हमारी मांगें नजरअंदाज किया जा रहा है।

## हायर सेकंडरी विद्यालय नहीं होने से रावस गांव के बच्चों की शिक्षा थमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत रावस के बच्चों का भविष्य आज भी अधर में लटका हुआ है। शिक्षा का अधिकार तो सबका है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में यहां के विद्यार्थी आज भी हायर सेकंडरी स्तर की पढ़ाई से वंचित हैं। रावस में हाई स्कूल तक की सुविधा तो है, लेकिन हायर सेकंडरी स्कूल न होने से दसवीं के बाद बच्चों को पढ़ाई छोड़नी पड़ रही है।

ग्राम पंचायत रावस के सरपंच शिवलाल मंडावी ने बताया कि शासन द्वारा यहां हाई स्कूल की स्थापना तो की गई है, परंतु हायर सेकंडरी स्कूल अब तक नहीं खुल पाया है। हाई स्कूल में केवल दसवीं तक की कक्षाएं संचालित होती हैं। दसवीं पास करने के बाद छात्रों को हायर सेकंडरी शिक्षा के लिए ठेमा या सरोना जाना पड़ता है, जो 12 और 25 किलोमीटर दूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार ठेमा तक का रास्ता जंगल और घाट से होकर गुजरता है, जो विशेषकर बरसात के दिनों में बेहद कठिन और खतरनाक हो जाता है। सरोना तक पहुंचना और भी मुश्किल है, क्योंकि वहां तक कोई नियमित यातायात सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिन परिवारों के पास वाहन या आर्थिक साधन हैं, वे तो किसी तरह बच्चों को पढ़ने भेज पाते हैं, लेकिन गरीब परिवारों के बच्चों को यह अवसर नहीं मिल पाता। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या केवल रावस की नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों की भी है। इन क्षेत्रों के बच्चे भी इन्हीं कठिनाइयों से गुजर रहे हैं। बेटियों की शिक्षा पर तो इसका और भी गहरा असर पड़ता है, क्योंकि माता-पिता सुरक्षा और दूरी के कारण उन्हें इतनी दूर भेजने से हिचकिचाते हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग और जिला अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है।

## माइंस प्रभावित क्षेत्र के सरपंचों का ऐलान, चक्काजाम नहीं करने देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, क्षेत्र के ग्रामीण नहीं होंगे शामिल



कच्चे माइंस प्रभावित क्षेत्र के सरपंचों और ग्रामीणों ने सोमवार 10 नवंबर को एसडीएम एवं एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर 11 नवंबर को प्रस्तावित चक्का जाम का विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि प्रभावित क्षेत्र के किसी भी ग्रामवासी का इस आंदोलन से कोई संबंध नहीं है और वे चक्का जाम में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना वजह चक्का जाम की चेतावनी देकर क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।ज्ञापन देने पहुँचे ग्रामीणों ने बताया कि कच्चे, साल्हे, भीरावाही, पर्रेकोड़ो और मरकाटोला ग्राम पंचायत के किसी भी ग्रामीण ने चक्काजाम का समर्थन नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि भानुप्रतापपुर के कच्चे में स्थित मेसर्स गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड द्वारा संचालित आयरन ओर माईंस, आरीडोंगरी में प्रस्तावित क्षमता विस्तार की जनसुनवाई 13 नवंबर को ग्राम कच्चे में रखी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में कच्चे में 138 हेक्टेयर क्षेत्र में खनन कार्य संचालित है, जिससे सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला है और क्षेत्र की आजीविका में सुधार हुआ है।उन्होंने कहा कि खदान शुरू होने के बाद से क्षेत्र में कोई समस्या नहीं हुई है और अधिकांश ग्रामीण यहीं मजदूरी कर जीवनयापन कर रहे हैं।

### दोनों ओर से ज्ञापन, टकराव की नौबत

जनसुनवाई को लेकर टकराव की आशंका बनते हुए नजर आई है, जिसमें कुछ राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों और अन्य संगठनों ने भानुप्रतापपुर में जनसुनवाई कराने की मांग करते हुए 11 नवंबर को डौंडी-कच्चे सीमा पर चक्का जाम की चेतावनी दी है, वहीं प्रभावित क्षेत्र के सरपंचों और ग्रामीणों ने इसका विरोध किया है। इस वजह से आज क्षेत्र में आमने-सामने की स्थिति बन सकती है। प्रशासन को किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सतर्क रहना होगा।

### ज्ञापन देने यह रहे उपस्थित

इस मौके पर कच्चे सरपंच कांति हिड़को, साल्हे सरपंच संतोष पद्दा, भीरावाही सरपंच हीरे सिंह दर्रो, मरकाटोला सरपंच पंकज हिड़को, पर्रेकोड़ो सरपंच प्रतिनिधि सोनऊ गावड़े, कच्चे परिवहन संघ अध्यक्ष हरिश्चंद्र कौड़ो, आदिवासी किसान विकास समिति अध्यक्ष शाम साय सलाम, ज्वाला प्रसाद जैन, जितेंद्र जायसवाल, सतीश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## ससीब जवानों की तत्परता से युवती को मिला नया जीवन



**अंतागढ़।** सीओबी रावघाट अंतर्गत भैयासाल्हेभाट की युवती जंगल में जानवर को चराने के लिए गई थी। अचानक पैर को साप ने काट लिया। घटना की जानकारी मिलते हि युवती को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर भेजा गया। 8 नवम्बर को शाम लगभग साढ़े 4 बजें ग्राम भैयासाल्हेभाट निवासी 17 वर्षीय नंदनी पटेल पिता अनिल पटेल को जंगल में जानवर चराते समय सांप ने पैर की ऊँगली में काट लिया। घटना की जानकारी मिलते ही युवती को उसके परिजनों द्वारा सीओबी रावघाट कैंप लाया गया। तत्पश्चात समवाय प्रभारी निरीक्षक सचिन गजानन ढोले द्वारा घटना की जानकारी द्वितीय कमान अधिकारी 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सुरेश कुमार को दिया गया। त्वरित कार्यवाही करते हुए युवती को शाम लगभग 5 बजें सरकारी वाहन से परिजनों व अटेंडर के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर भेजा गया। चिकित्सकीय देखरेख में युवती की स्थिति वर्तमान में सामान्य है। सशस्त्र सीमा बल द्वारा ग्रामीणों के जीवन की सुरक्षा के लिए समय पर की गई यह मानवीय व त्वरित कार्यवाही बल के आदर्श वाक्य सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व को सार्थक करती है।

## झुके वटवृक्ष से दुर्घटना की आशंका, ग्रामीणों की गुहार पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



नया बाजार मुख्य मार्ग पखांजुर में झुका हुआ वटवृक्ष अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बन गया है। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत और आवेदन देने के बावजूद संबंधित विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। नगवासी दीपक दास, राजेश नायर और एसके साहा ने बताया कि 23 अगस्त 2024 को आवेदन देकर झुके हुए वटवृक्ष को काटकर हटाने की मांग किया गया था, इसके बाद नगर पंचायत ने 17 अक्टूबर 2024 को संबंधित वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग को पत्र भेजा, लेकिन कार्रवाई आज तक अधर में लटकी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि झुके हुए पेड़ के नीचे से हर दिन वाहन गुजरते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब खतरा साफ नजर आ रहा है तो प्रशासन हादसे का इंतजार क्यों कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा केवल कागजी खानापूर्ति कर दिया गया है। जमीनी स्तर पर सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने मांग की है कि तत्काल वटवृक्ष को काटकर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए ताकि संभावित किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब तेज आंधी-तूफान चलता है तो इस झुके हुए वृक्ष की जड़ें हिलने लगती हैं और गिरने की पूरी संभावना बन जाती है। यदि यह वटवृक्ष गिरता है तो उसके चपेट में सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे और तार आ सकते हैं, जिससे किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। लोक निर्माण विभाग का मुख्य मार्ग भी अवरुद्ध हो जाएगा। ग्रामीणों ने चिंता जाहिर की है कि वट वृक्ष संभावित दुर्घटना का केंद्र बन चुका है। खतरा जब साफ दिखाई दे रहा है तो प्रशासन आखिर हादसे का इंतजार क्यों कर रहा है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द वटवृक्ष को काटकर सड़क और विद्युत लाइन को सुरक्षित बनाया जाए ताकि जनहानि या संपत्ति की क्षति से बचा जा सके। नगरीय प्रशासन अब तक इस मामले में कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

# अलाव में गिरने से कांग्रेस नेता की मौत हार्टअटैक की आशंका, शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर





क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य पुसऊराम दुग्गा का बीती रात एक हृदयविदारक हादसे में निधन हो गया। ग्राम भीरावाही निवासी 65 वर्षीय पुसऊराम दुग्गा का निधन उस समय हुआ, जब वे रात में ठंड से बचने के लिए अलाव ताप रहे थे और अचानक दुर्घटनावश उसमें गिर पड़े। बताया जा रहा है कि घटना इतनी गंभीर थी कि वे बुरी तरह जल गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व जनपद सदस्य प्रतिदिन की तरह बीती रात भी अपने घर के आंगन में अलाव जलाकर बैठे थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि रात के दौरान उन्हें हार्ट अटैक (दिल का दौरा) आया होगा, जिसके कारण वे बेसुध होकर जलते हुए अलाव में गिर पड़े। सुबह जब परिजनों ने देखा, तब तक वे पूरी तरह जल चुके थे। यह दृश्य देखकर गांव में कोहराम मच गया। इस दुखद समाचार के फैलते ही पूरे भीरावाही गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। गांव के बुजुर्गों और कार्यकर्ताओं ने बताया कि पुसऊराम दुग्गा सदैव जनहित के मुद्दों पर आगे रहते थे। वे सहज, मिलनसार और व्यवहार कुशल व्यक्ति थे, जो हर वर्ग के लोगों के साथ आत्मीयता रखते थे। पुसऊराम दुग्गा का अंतिम संस्कार गांव भीरावाही में किया गया । अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, कांग्रेस कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। यह दुखद घटना न केवल भीरावाही ग्राम के लिए बल्कि पूरे भानुप्रतापपुर क्षेत्र के लिए एक गहरी क्षति है।

### वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने भी अपने शोक संदेश में कहा कि पुसऊराम दुग्गा वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता थे और जनपद सदस्य के रूप में उन्होंने जनता की सेवा की। उनका निधन कांग्रेस परिवार और पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप), माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
11 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रह्मपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहटी
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)